हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 1 अप्रैल 2026

04 नया बस स्टैंड पर रात्रि के समय तीन दुकानों में...



05 पिछले चार दिन से लाइट नहीं, ग्रामीण परेशान...





## खबर संक्षेप

### स्टेडियम में एथलेटिक्स प्रशिक्षण शिविर आज से

**विदिशा।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आज शाम 6 बजे जिला खेल परिसर, स्टेडियम विदिशा में एथलेटिक्स का एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में मध्यप्रदेश एथलेटिक्स अकादमी के प्रशिक्षक एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी एस.के. प्रसाद खिलाड़ियों को तकनीकी बारीकियां, प्रशिक्षण पद्धति और प्रतियोगी तैयारी संबंधी मार्गदर्शन देंगे। जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत ने खिलाड़ियों से उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है। यह शिविर प्रतिभा निखारने का सुनहरा अवसर होगा।

### आईटीआई में प्रशिक्षण के पंजीयन आज से शुरू

**विदिशा।** आईटीआई द्वारा विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण का पंजीयन 1 अप्रैल से प्रारंभ होगा। प्रशिक्षण 21 अप्रैल से 23 मई तक आयोजित किया जाएगा। इसमें बेसिक कंप्यूटर, डोमेस्टिक वेल्डर और बेसिक ऑटोमोबाइल रिपेयर जैसे अल्पकालीन कोर्स संचालित होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी संस्था में उपस्थित होकर पंजीयन फॉर्म भर सकते हैं। आवश्यक दस्तावेजों में शैक्षणिक प्रमाणपत्र, आधार कार्ड की प्रति, पासपोर्ट फोटो और मोबाइल नंबर शामिल हैं। पंजीयन शुल्क 600 रुपए निर्धारित है।

### 19 को सिरोंज में होंगे सामूहिक विवाह

**विदिशा।** शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत 19 अप्रैल को जनपद पंचायत सिरोंज में जिला स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। आयोजनकर्ता मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सिरोंज को नियुक्त किया गया है। आवेदन की आखिरी तारीख 12 अप्रैल है। 14 अप्रैल तक प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर आधार ई-केवाईसी एवं बीपीएल सत्यापन किया जाएगा। पात्र आवेदनों को 16 अप्रैल तक ऑनलाइन दर्ज कर 17 अप्रैल तक चयनित जोड़ों को सूचना दी जाएगी। सम्मेलन में न्यूनतम 11 एवं अधिकतम 200 जोड़ों का विवाह कराया जाएगा।

### कल स्कंद माता मंदिर से निकलेगी झंडा यात्रा, शाम को सुंदरकांड पाठ

**विदिशा।** हनुमान जन्मोत्सव पर 2 अप्रैल गुरुवार को बस स्टैंड स्थित स्कंद माता मंदिर के पास से सुबह 9 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा गांधी चौक, माधवगंज, निकासा और तिलक चौक होते हुए खाई रोड स्थित झंडे वाले दादाजी हनुमान मंदिर पहुंचेगी। दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक भंडारा व प्रसादी वितरण होगा। शाम 6 बजे संगीतमय सुंदरकांड एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

### मौसम में आई ठंडक सुबह तेज हवा चली

**विदिशा।** सोमवार शाम को चली तेज आंधी के बाद सोमवार सुबह से ही तेज हवा चलती रही। जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। हालांकि दोपहर बाद तेज हवा चलना बंद हो गई और फिर से उमस भरी गर्मी का अहसाय हुआ। सोमवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### पीएम विश्वकर्मा योजना से मोनू बने आत्मनिर्भर

**विदिशा।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना ने लटेरी तहसील के मोहनखेड़ी निवासी मोनू सेन के जीवन में नया बदलाव लाया है। ग्राम पंचायत से जानकारी लेकर उन्होंने आईटीआई विदिशा में बार्बर जॉब रोल का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण उपरांत उन्हें योजना के तहत एक लाख रुपये का ऋण मिला। इस राशि से उन्होंने अपने गांव में "राज हेयर ड्रेसर" नाम से स्वयं की दुकान शुरू की। अब उनका व्यवसाय अच्छा चल रहा है और नियमित आय होने लगी है। मोनू का कहना है कि योजना ने उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया है।

---

### जनसुनवाई में आए 113 आवेदन, 73 का मौके पर ही निराकरण किया

# कलेक्टर और एसपी ने आमजनता का दर्द सुना, भरोसा जीता, कई मामले निपटाए

***मंगलवार को कलेक्ट्रेट और एसपी कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी ने आवेदकों की समस्याएं सुनी और ज्यादातर का निराकरण कर आवेदकों को न्याय दिलाया। पुलिस और प्रशासन द्वारा हल किए जा रहे मामलों के कारण जनता का विश्वासन कानून और प्रशासनिक अधिकारियों पर बढ़ गया है।***

### जनसंवाद से समाधान तक: एसपी काशवानी ने सुनी 22 आवेदकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने 22 से अधिक आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं।

प्रत्येक फरियादी से व्यक्तिगत संवाद कर उनकी शिकायतों को समझा गया। जन सुनवाई के दौरान पारिवारिक विवाद, भूमि संबंधी प्रकरण और आपसी मारपीट के मामले प्रमुख रहे। अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा तय कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**संवेदनशील सुनवाई में शिकायतों का मौके पर निराकरण**



विदिशा। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों की फरियाद सुनते हुए एसपी।

एसपी काशवानी ने कहा कि जन सुनवाई आमजन और पुलिस के बीच भरोसे का सशक्त माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील पुलिसिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

वहीं जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। कुल 113 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 73 का मौके पर ही निराकरण कर राहत दी गई, जबकि शेष प्रकरणों पर संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने को कहा। जनसुनवाई के दौरान विदिशा निवासी मधु सक्सेना ने अपने ग्राम किरवाया में जमीन से संबंधित समस्या को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया और जमीन में लिपि की त्रुटि सुधार की समस्या से अवगत कराया।

**कलेक्टर ने प्राथमिकता से समाधान के दिए निर्देश**



विदिशा। जनसुनवाई में समस्याओं का निराकरण करते हुए कलेक्टर।

कलेक्टर द्वारा मौके पर ही वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़े बासौदा तहसीलदार को निर्देश देते हुए आवेदक की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करते हुए लिपी त्रुटि सुधार के निर्देश दिए। जनसुनवाई में वार्ड 29 सुभाष नगर निवासी रामबाई ने वृद्धावस्था पेंशन प्रदान करने संबंधी आवेदन दिया जिस पर त्वरित निराकरण करने के निर्देश मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारी को दिए हैं। इसके अलावा सुनपुरा ग्राम के विनोद सिंह ने आर्थिक रूप से कमजोर एवं मजदूर पैसा व्यक्ति के परिवार का नाम गरीबी रेखा की सूची में जोड़कर राशन कार्ड प्रदान करने संबंधी आवेदन दिया। सिरोंज तहसील के ग्राम टोरी बागरोद की रेखा बाई कुशवाहा ने पैतृक मकान पर हुए कब्जे को वापस दिलाने संबंधी आवेदन दिया। वार्ड नंबर 14 निवासी रजनी बाई जोशी ने टूटे हुए मकान पर कुटी एवं टूटे मीटर का अत्यधिक बिल आने की शिकायत कलेक्टर से की।

---

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक संगठन एकजुट

### 8 अप्रैल को जिला स्तरीय धरना-ज्ञापन, 18 को भोपाल में होगी विशाल आमसभा



विदिशा। बाल विहार में आयोजित बैठक के दौरान लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शिक्षा के अधिकार नियम के तहत प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य किए जाने के सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के विरोध में मध्यप्रदेश के सभी शिक्षक संगठन एक मंच पर आ गए हैं। अध्यापक संयुक्त मोर्चा ने इस निर्णय पर पुनर्विचार की मांग करते हुए चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है।

संयुक्त मोर्चा का कहना है कि टीईटी नियम वर्ष 2010 में लागू हुआ था, इसलिए यह अनिवार्यता 2010 के बाद नियुक्त शिक्षकों पर ही लागू होनी चाहिए। इससे पूर्व नियुक्त शिक्षकों को इस प्रावधान से मुक्त किया जाए। इसी मांग को लेकर 8 अप्रैल को जिला स्तर पर ज्ञापन एवं धरना प्रदर्शन, 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन और 18 अप्रैल को भोपाल में विशाल आमसभा आयोजित की जाएगी।

#### तैयारी को लेकर बैठक

आंदोलन की तैयारी को लेकर विदिशा के सावरकर बाल विहार में बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के सभी संवर्गों के अध्यक्ष एवं शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि एकजुट प्रयासों से निर्णय पर पुनर्विचार संभव है। महामंत्री कृष्ण गोपाल राय ने आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया। उपाध्यक्ष चंद्रभूषण किरार एवं संरक्षक सौदान सिंह सूर्यवंशी ने भी शिक्षकों से एकजुट रहने की अपील की। बैठक में जिले भर के अनेक शिक्षक उपस्थित रहे और 8 अप्रैल के जिला स्तरीय प्रदर्शन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

---

# जनगणना 2027: 1 से 31 मई तक चलेगा मकान सूचीकरण, 33 बिंदुओं पर जुटाई जाएगी जानकारी

- योजनाओं का लाभ देने सटीक आंकड़े जुटाए जाएंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रस्तावित मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य के लिए नियुक्त फील्ड मास्टर ट्रेनरों का प्रथम बैच तीन दिवसीय प्रशिक्षण के पूर्ण हो गया।

कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित ई-दक्ष केंद्र में 24 से 26 मार्च तक आयोजित यह प्रशिक्षण कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण आगामी 1 मई से प्रारंभ होने वाले मकान सूचीकरण अभियान की तैयारियों का अहम हिस्सा है। प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 मई से जिले में विधिवत मकान जनगणना प्रारंभ होगी, जो 31 मई तक चलेगी। जनगणना के प्रथम चरण में कुल 33 बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी एकत्रित की जाएगी।

**मकान और उसकी बनावट की जानकारी:** प्रथम चरण में भवन संख्या, जनगणना मकान नंबर, मकान एवं दीवार-छत में प्रयुक्त सामग्री, मकान का उपयोग (आवासीय या व्यावसायिक), उसकी स्थिति (रहने योग्य या जर्जर) जैसी जानकारियां दर्ज की जाएंगी। साथ ही परिवार की कुल सदस्य संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, लिंग, सामाजिक वर्ग (एससी, एसटी) और मालिकाना हक (स्वामित्व या किराया) की जानकारी भी संकलित की जाएगी।

#### डिजिटल उपकरण और वाहन विवरण भी लिखेंगे

डिजिटल सशक्तिकरण के आकलन हेतु इंटरनेट सुविधा, कंप्यूटर,लैपटॉप, मोबाइल, स्मार्टफोन की उपलब्धता का विवरण एकत्र किया जाएगा। साथ ही साइकिल, दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जानकारी भी संकलित की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में सहयोग कर सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि विकास योजनाओं के लिए सटीक आंकड़े सुनिश्चित किए जा सकें।

#### सुविधाएं और संसाधन

जनगणना के दौरान कमरों की संख्या, विवाहित जोड़ों की संख्या, पेयजल का स्रोत और उसकी उपलब्धता, रोशनी का साधन, शौचालय की स्थिति, गंदे पानी की निकासी, स्नान व रसोई सुविधा, एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन तथा उपयोग किए जाने वाले ईंधन का विवरण लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त रेडियो और टेलीविजन जैसी सुविधाओं की उपलब्धता भी दर्ज होगी।

---

### मांगों को लेकर सफाई मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारी सीएमओ से मिले

# कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए सौंपा ज्ञापन, हितों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष बोहत ने नपा सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सफाई कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा गया।

संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री बोहत ने कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए नियमित वेतन एवं एरियर भुगतान की सराहना की। साथ ही समय पर भर्ती, योग्यता के अनुसार नियुक्ति तथा वाल्मीकि समाज के लोगों को विभिन्न पदों पर अवसर देने की मांग रखी। उन्होंने कार्य हेतु गुणवत्तापूर्ण सामग्री, समय पर वर्दी एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर ने सभी मांगों पर आश्वासन देते हुए कहा कि शासन के निर्देशों एवं नगरपालिका की आर्थिक स्थिति के अनुरूप कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। अंत में पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया।



विदिशा। नगरपालिका सीएमओ को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी।

---

## अंधेरे में सिमटा मैदान, बहाली का इंतजार

**विदिशा।** 17 जनवरी को केंद्रीय मंत्री के आगमन के दौरान स्टेडियम में हेलीपैड बनाने के लिए बिजली के खंभे उखाड़ दिए गए थे। सुरक्षा के नाम पर हटाए गए ये खंभे आज भी मैदान में पड़े हैं, जिससे शाम ढलते ही पूरा परिसर अंधेरे में डूब जाता है। खिलाड़ियों का कहना है कि कलेक्टर ने आश्वासन दिया था कि आयोजन के बाद मैदान को पूर्व स्थिति में बहाल कर दिया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देश भी खेल परिसरों में राजनीतिक कार्यक्रमों पर रोक की बात करते हैं, लेकिन इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। अंधेरे में अभ्यास करने को मजबूर खिलाड़ी चोट और दुर्घटना के खतरे के बीच तैयारी कर रहे हैं। उधर मल्टीपर्पज हॉल में स्थित जिम में महीनों पहले आग लगने के बाद से ताला लटका है। न मशीनों की मरम्मत हुई और न जिम दोबारा शुरू हो सका।

## बसियाकला में भीषण आग, फसल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ हैदरगढ़

मंगलवार को हैदरगढ़ग्राम के बसियाकला निवासी रंधीर पिता बाबूलाल मीना के खेत में रखी गेहूं की फसल में आग लग गई। किसान को करीब डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर हैदरगढ़ पुलिस पहुंची। फायर बिग्रेड करीब ढाई घंटे बाद आई। गांव वालों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। ग्राम बसिया निवासी जनपद सदस्य कमल सिंह प्रजापति ने बताया कि बिजली कंपनी की लापरवाही के कारण शॉर्ट सर्किट से आग लगी। देखते ही देखते तीन गांव आग की चपेट में आ गए। लेकिन इस घटना ने क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ा दी और दहसत का माहौल बना हुआ है।

#### 12 बीघा की फसल जली

**विदिशा।** सोमवार शाम करारिया क्षेत्र के सेमरा गांव में किसानों के खेतों में आगजनी की घटना हुई। किसान देवेंद्र सिंह, राहुल दांगी, बृजेश, शुभम ने बताया कि आगजनी में करीब 12 बीघा की फसल जलकर राख हो गई। किसानों ने बताया कि रविवार की शाम करीब 7 बजे बिजली के तारों में स्पार्किंग होने के कारण खेत में आगजनी की यह घटना हुई है।

---

### विधायक मुकेश टंडन ने पूजा-अर्चना कर किया शुभारंभ

# समर्थन मूल्य पर चने की खरीदी शुरू की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में समर्थन मूल्य पर चना खरीदी शुरू हो गई है। मंगलवार को विधायक मुकेश टंडन ने पठारी हवेली परिसर स्थित खरीदरी केन्द्र पर पहुंचकर इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे की पूजा-अर्चना कर खरीदी प्रक्रिया का शुभारंभ किया।

जिले में समर्थन मूल्य पर चना बेचने वाली प्रथम महिला कृषक के रूप में गुलाब बाई तिवारी ने ढाई क्विंटल चना विक्रय कर शुरुआत की। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेड़िया ने बताया कि जिले में चना उपार्जन के लिए 18 केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जबकि 30 अन्य केन्द्र प्रस्तावित हैं। चना विक्रय हेतु जिले के 30,403 किसानों ने पंजीयन कराया है। वहीं मसूर के लिए 25,234 किसानों तथा भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत सरसों विक्रय के लिए 5,861 किसानों ने पंजीकरण कराया है, जिनकी खरीदी कृषि उपज मंडियों में की जाएगी। इस मौके पर विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि वर्ष 2026 को कृषि कल्याण वर्ष के रूप में आगे बढ़ाते हुए किसानों को लाभकारी खेती की दिशा में प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में किसानों को बेहतर मूल्य दिलाने विभिन्न योजनाएं लागू की गई हैं, जिससे खेती को फायदे का व्यवसाय बनाया जा सके। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा भावांतर भुगतान योजना लागू किए जाने तथा केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रयासों से एमएसपी दरों में वृद्धि हुई है।



विदिशा। पहले दिन चना बेचने आए किसानों का किया सम्मान।

---

### ग्राम हांसुआ में सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन जागरुकता रैली व बौद्धिक सत्र आयोजित

# शिविर में खेलों से सीखा भाईचारा रक्तदान व शिक्षा का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एसएटीआई पॉलिटेक्निक कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम हाँसुआ में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने खेलों के माध्यम से भाईचारे का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने 'रूमाल झपट्टा' और 'कितने भाई कितने' जैसे खेल खेलकर टीम भावना और सहयोग की सीख ली।

शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने ग्राम में एड्स जैसी गंभीर बीमारी एवं रक्तदान के महत्व को लेकर रैली, नुक्कड़ नाटक और समूह चर्चा के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। बौद्धिक सत्र में गोविंद देवलिया ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति को महान बनाती है। भाजपा के वरिष्ठ नेता अरविंद श्रीवास्तव ने मजबूत नींव की तरह जीवन में बुनियादी मूल्यों को आवश्यक बताया।

ब्लड बैंक अधिकारी राजेंद्र कुमार कुशवाह ने बताया कि 18 वर्ष से अधिक आयु और 45 किलो से ज्यादा वजन वाला स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। कार्यक्रम अधिकारी बृजेश प्रजापति ने विद्यार्थियों को समाजोपयोगी बनने का संदेश दिया। इस अवसर पर अभिषेक पटेल, व्याख्याता दिलीप यादव सहित कोर ग्रुप सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राधिका परिहार का सुयश



**गंजबासौदा।** शासकीय हाई स्कूल बीलाढाना की कक्षा 9 की छात्रा राधिका परिहार ने 600 में से 540 अंकों के साथ 90 प्रतिशत अंकों के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा छात्रा अनुराधा विश्वकर्मा, विशाखा सोलंकी ने संयुक्त रुप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त स्टॉफ, परिजनों द्वारा राधिका परिहार को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

### यज्ञ के लिए हुई ध्वज स्थापना

**गंजबासौदा।** भगवान शिव एवं गिरिराज मंदिर में यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए ध्वज स्थापना का आयोजन किया गया। ग्राम रावण बमोरी स्थित गिरिराज महाराज एवं भगवान भोलेनाथ के मंदिर पर यज्ञ 20 मई से 26 मई तक चलेगा। विश्व शांति के लिए रूद्र यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है जिसमें यज्ञ आचार्य वैभव चतुर्वेदी कथा व्यास विवेक कृष्ण शास्त्री होंगे। यज्ञ आयोजक बाबूलाल महाराज होंगे। इस आयोजन को लेकर सभी ग्राम वासियों ने तैयारी शुरू कर दी है। ग्राम में रुद्र महायज्ञ के आयोजन को लेकर सभी ग्रामवासी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**गंजबासौदा।** प्लेट फार्म नंबर 3 के पास ट्रेन की चपेट में आने के कारण लगभग 40 वर्षीय एक अज्ञात युवक की मौत हो गई है। जीआरपी ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जीआरपी पुलिस ने बताया कि युवक किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आया था। उसके सिर एवं शरीर पर गंभीर चोट के निशान हैं। युवक लाल रंग की फुल नीली पेंट पहने हुए है उसके पास से कोई दस्तावेज नहीं मिला है। घटना विगत रात्रि में होना बताया गया है। जीआरपी अज्ञात युवक की शिनाख्त में जुटी है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**त्योंदा।** त्योंदा डेम के पास सोमवार की रात्रि को एक ट्रैक्टर द्वारा बाइक को टक्कर मार दी गई। जिसमें उपचार के



दौरान बाइक चालक कपिल की मौत हो गई तथा उसकी पत्नी शिवानी एवं बच्चों को भी गंभीर चोटें आई हैं। जिनका उपचार त्योंदा स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। कपिल हापुसगंज से वापिस गंज बासौदा जा रहे थे। घटना के दौरान कपिल के पेट में गंभीर चोट लग गईं थी। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# रामायण पाठ, ध्वज यात्रा, भजन संध्या से सजेगा हनुमान जी का प्रकटोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में हनुमान जी का प्रकटोत्सव 2 अप्रैल को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। नगर के वार्ड नंबर 13 चक स्वरूप नगर स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर में दो दिवसीय आयोजन की शुरुआत संगीतमय अखंड रामायण पाठ से होगी, वहीं सुठालिया एवं नगर के भजन गायक अपनी मधुर प्रस्तुतियों से भक्तों को भावविभोर करेंगे। आयोजन के तहत भव्य ध्वज शोभायात्रा भी निकाली जाएगी, जो पूरे नगर में आस्था का संदेश देगी। पूरे मंदिर परिसर के अलावा मंदिर तक आने वाली गली को झिलमिल रोशनी से सजाया गया है। रात के समय यह दृश्य अद्भुत दिखाई दे रहा है। चक हनुमान जी मंदिर के पुजारी पंडित मनोज शर्मा ने बताया कि हनुमान जी को राम जी का गुणगान बड़ा ही प्यारा लगता है।

कहते हैं कि जहां राम कथा हो, रामायण हो, वहां हनुमान जी साक्षात खुद विराजमान होते हैं इसलिए उनके आवाहन, उपस्थिति के लिए



मंदिर में 1 अप्रैल, बुधवार को प्रातः 8 बजे से संगीतमय 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ प्रारंभ हो जाएगा। जिसकी पूर्णाहुति हवन के माध्यम से प्रकटोत्सव पर दोपहर 12 बजे की जाएगी।

रामायण का पाठ वेदपाठी ब्राह्मण और भक्तों द्वारा किया जाएगा। श्री हनुमान जी के प्रकटोत्सव पर 2 अप्रैल, गुरुवार को शाम 4 बजे भव्य ध्वज शोभायात्रा नौलखी मंदिर से प्रारंभ होकर जय स्तंभ चौक, नेहरू चौक होते हुए चक हनुमान मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा में गाजे-बाजे, डीजे एवं बैंड के साथ भक्त जय श्री राम और हनुमान जी के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ेंगे। मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी यात्रा को विशेष आकर्षण प्रदान करेगी। इसी दिन रात्रि 8 बजे से श्रीबालाजी हनुमान मंदिर, गंगा गार्डन परिसर में संगीतमय भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें रफ्तार म्यूजिकल ग्रुप, भोपाल के कलाकारों द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। भजन गायिका रिया मालवीय सुठालिया, मिली कुशवाह बासौदा एवं भजन गायक अनिल झा बासौदा अपनी सुमधुर आवाज से वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे और देर रात तक श्रद्धालुओं को बांधे रखेंगे। श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव पर हवन, पूजन, पूर्णाहुति एवं प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी धर्मालुओं, सनातन प्रेमियों से मंदिर में आयोजित होने वाले समस्त धार्मिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## अज्ञात कारणों के चलते लगी आग से दुकानदारों को लाखों का नुकसान

# नया बस स्टैंड पर रात्रि के समय तीन दुकानों में लगी भीषण आग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बीती रात को बरेठ रोड स्थित नया बस स्टैंड पर अज्ञात कारणों के चलते तीन किराना दुकानों में भीषड़ आग लग गई। जिससे दुकानों में रखा सामान जलकर राख हो गया। जिससे दुकानदार आकाश, अनुराग, नेतराम को लाखों रुपए का नुकसान हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को नए बस स्टैंड क्षेत्र में तीन किराना दुकानों में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि उसकी लपटें दूर से ही दिखाई दे रही थीं। इस घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। स्थानीय लोगों ने आग की ऊंची लपटें देखकर रात्रि लगभग 12:30 बजे पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और नगर पालिका की दोनों फायर ब्रिगेड गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने लगभग 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस स्टैंड क्षेत्र में नेतराम अहिरवार की किराना दुकान में अज्ञात कारणों से आग लगी थी। इसके बाद आग फैलकर आकाश अहिरवार और जगदीश की किराना दुकानों तक भी पहुंच गई। दुकानदारों का कहना है कि आग की इस घटना से उन्हें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। सुबह तक भी दुकानों से धुआं निकलता दिखाई दे रहा था। पुलिस प्रशासन आग लगने के कारणों की जांच में जुटा हुआ है। यहां उल्लेखनीय है कि इन दिनों इलाके भर में भीषण गर्मी का दौर जारी है ऐसे में संभवतः कोई चिंगारी या शॉर्ट सर्किट के चलते दुकानों में आग लगने की घटना घटित हुई जिससे यह हादसा हुआ।

## हम्माल, तुलावटों की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

हम्माल एवं तुलावटों की गत दिवस कृषि उपज मंडी समिति के हम्माल तुलावट कक्ष में भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी के मुख्य आतिथ्य में बैठक संपन्न हुई। विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार एक सूखी लकड़ी को कोई भी व्यक्ति तोड़ सकता है और उन्ही सूखी लकडियों को एकत्रित कर संगठन रूपी रस्सी से बांधकर गठ्ठा बना लिया जाता है, तब उसको तोड़ने की कोई हिम्मत नहीं कर पाता है। इसी प्रकार आप सभी हम्माल और तुलावट भाइयों को संगठित होने की आवश्यकता है। संगठन में ही शक्ति है। सभी को राष्ट्रवादी संगठन भारतीय मजदूर संघ से जरूर जुड़ना चाहिए। सोनी ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की मजदूर हितेषी कई योजनाओं की जानकारियां सभी को विस्तार से बताई। उपस्थित सभी हम्मालों एवं तुलावटों ने एक स्वर में कहा कि हम भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध होकर शीघ्र ही यूनियन बनाएंगे।

बैठक में भारत सिंह अहिरवार, चेतन अहिरवार, पन्नालाल मालवीय, दुर्गेश अहिरवार, रामचरण मालवीय, बृजेश गौर, महेंद्र अहिरवार, जगदीश कुशवाहा, मुन्नालाल, विनोद अहिरवार, श्रीराम अहिरवार, कमलेश अहिरवार, डालचंद अहिरवार, गंगाराम अहिरवार, रामबाबू मालवीय, योगेश रैकवार, हनीफ खान, प्रेम सिंह राजपूत, रोहन अहिरवार आदि उपस्थित थे। बैठक के अंत में कमलेश साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## शोभायात्रा का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस उदयपुर स्थित गणेश मंदिर पहुंची शोभायात्रा का सम्मान किया गया। शोभा यात्रा का समापन मुरादपुर धाम पर हुआ। शोभा यात्रा में आए साधु संतों का भव्य स्वागत हुआ। उक्त विशाल आयोजन अयोध्या से पधारे महामंडलेश्वर मदन मोहन दास महाराज, महामंडलेश्वर बालक दास महाराज नूरपुर धाम, महंत रामदास मुरादपुर धाम, महामंडलेश्वर परमेश्वर दास महाराज हरियाणा और फलहरी महाराज महंत देवेश दास महाराज ऋषिकेश उपस्थित रहे।

इस आयोजन के दौरान शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। कुरवाई मंडी से शुरू हुई शोभा यात्रा



बामोरा होते हुए उदयपुर स्थित गणेश मंदिर पर पहुंची जहां संतों का सम्मान हुआ। इस यात्रा के दौरान भक्तों ने जगह-जगह संत महंतों का स्वागत किया। शोभा यात्रा का समापन मुरादपुरधाम पर हुआ। जहां भक्तों ने श्रद्धा भाव से यात्रा का समापन किया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

### उदयपुर में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित

**गंजबासौदा।** पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान अंतर्गत ग्राम उदयपुर में मंडल के प्रशिक्षण वर्ग में कुरवाई विधायक ने सहभागिता की। अंतिम सत्र के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की रीति, नीति, विचारधारा एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सभी का लक्ष्य है समृद्ध भारत, समृद्ध मध्यप्रदेश और समृद्ध किसान, इसी संकल्प के साथ निरंतर कार्य करते रहेंगे।

## स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत वार्ड 22 में स्वच्छ अस्पताल का हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर के वार्ड क्रमांक 22 में स्वच्छता के उत्कृष्ट मानकों को ध्यान में रखते हुए श्रावणी चिकित्सालय को स्वच्छ अस्पताल कैटेगरी में चयनित किया गया।

इस अवसर पर चिकित्सालय के संचालक डॉ. अशोक रोहिले को स्वच्छता में सराहनीय योगदान के लिए प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं में स्वच्छ वातावरण की अहम भूमिका पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा, अभिषेक शर्मा एवं उनकी टीम की उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर स्वच्छता के इस अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत इस तरह की पहल शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## उदयपुर में प्याऊ का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विकासखंड के सेक्टर उदयपुर में नवांकुर संस्था आवरण सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल मंदिर (प्याऊ) की स्थापना वंदना वेयरहाउस पर की गई। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए यह पहल तुलाई के लिए आने वाले लगभग 15,000 किसानों को ठंडे एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु की गई है। इस सराहनीय कार्य से किसानों को राहत मिलेगी। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति उदयपुर के सुरेंद्र शर्मा का विशेष योगदान रहा। जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा, वंदना वेयरहाउस के संचालक रविंद्र माथुर, नरेंद्र माथुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर आवरण सोशल वेलफेयर सोसायटी के अमित शर्मा ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल समाज में जनजागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि मानव सेवा के माध्यम से पुण्य अर्जन का भी कार्य करते हैं। उन्होंने सभी से ऐसे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम में सेक्टर सह-प्रभारी सीमा शर्मा, नेहा लोधी, समिति सचिव शैलेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। यह जल मंदिर (प्याऊ) स्थापना समाज में जल संरक्षण व जनसेवा के प्रति सकारात्मक संदेश प्रदान करेगी।

## अनेक ग्रामों में तेज बारिश से गेहूं की खड़ी फसल भीगी

# इलाके भर में तेज गरज के साथ हुई बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इलाके भर में सोमवार को शाम के समय तेज गरज चमक के बीच हल्की बारिश हुई। वहीं ग्राम फूफैर, सकराई, बलरामपुर, नेवली सहित आसपास के ग्रामों में लगभग एक घंटे तक तेज हवा के साथ बारिश हुई। जिससे खेत में खड़ी फसल भीग गई। वहीं जिन किसानों ने हार्वेस्टर से अपनी गेंहू की फसल निकलवा कर खेतों में और ट्रालियों में भरकर रख ली थी, वह भी थोड़ी भीग गई। ग्राम फूफैर के कृषक रमेश कुमार, राजेश कुमार, शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि मौसम को देखते हुए किसान फसल कटाई में जुटे हुए थे। शाम होते ही तेज गरज और हवा के साथ के साथ बारिश का दौर शुरु हो गया। जिससे खेतों में रखे ट्रेक्टर, ट्राली, हार्वेस्टर एवं दो पहिया वाहन घर तक नहीं पहुंच सके। मंगलवार को तेज धूप निकलने के बाद शाम तक ही दो पहिया वाहन और ट्रेक्टर ट्राली घरों तक पहुंच सके। वहीं किसानों की खेतों में रखी गेंहू की जिंस को किसानों द्वारा फर्स पर फैलाकर धूप में सुखाया गया। वहीं जिन किसानों की गेंहू की फसल खेतों में पककर खड़ी हुई है। उसे एक दो दिन धूप में सूखने के बाद हार्वेस्टर से कटाई प्रारंभ कराई जाऐगी। यहां उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार नगर सहित आसपास के क्षेत्र में सोमवार को बारिश के संकेत दिए गए थे, रविवार को रात से ही इलाके में मौसम बदल गया और रात में अचानक आसमान पर बादल छा गए और तेज आंधी एवं गरज चमक के साथ कहीं हल्की बारिश तो कहीं तेज बारिश हुई।

मंगलवार को सुबह मौसम साफ देखते ही किसानों को राहत महसूस हुई और वे अपनी फसलों को सहेजने में जुट गए। उधर तेज हवा के कारण खेतों में रखी कटी फसलें और तिरपाल आदि हवा से इधर उड़ गए। बेमौसम की इस बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी हैं। इस समय खेतों में गेहूं की फसल पककर पूरी तरह तैयार खड़ी हैं। कई जगहों पर कटाई का काम चल रहा है। ऐसे में अचानक हुए इस बदलाव ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है। किसानो का कहना है कि इस बारिश से फसलों को नुकसान हुआ है। गेहूं के दाने का रंग फीका पड़ जाने से उनके भाव कम मिलेंगे।

## संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील्स ने टीबी मरीजों को किट वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए एक सराहनीय पहल के तहत एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से संचालित संजिवनी क्लीनिक ऑन व्हील्स कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मरीजों को न्यूट्रिशन किट वितरित की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य टीबी से पीड़ित मरीजों को उचित पोषण उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार लाना है।

कार्यक्रम के माध्यम से कुपोषण को कम करने, मरीजों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने तथा निक्षय पोषण योजना के जरिए आर्थिक सहायता प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही प्रोटीन, कैलोरी एवं आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया। परिवार एवं समुदाय को पोषण के महत्व के प्रति जागरूक करने का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग





के डॉ. प्रमेन्द्र तिवारी बीएमओ एवं डॉ. समीर किरार डीटीओ, अर्पित अग्रवाल टीबी सुपरवाइजर, नरेंद्र रघुवंशी टीबी लैब सुपरवाइजर एवं हरिओम वर्मा की उपस्थिति में लाभार्थियों को पोषण किट प्रदान की गई। किट में दाल, चना, सोयाबीन, गुड़, मूंगफली एवं अन्य प्रोटीन युक्त खाद्य सामग्री शामिल थी, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूर्णतः उपचार योग्य बीमारी है, बशर्ते मरीज नियमित रूप से दवा लेने के साथ संतुलित आहार का पालन करें। पोषण की कमी उपचार की गति को प्रभावित कर सकती है, इसलिए इस प्रकार की पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दौरान टीबी एवं स्वच्छता से संबंधित जागरूकता वीडियो भी प्रदर्शित किए गए तथा उपस्थित लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही यह संदेश दिया गया कि समय पर जांच, नियमित दवा और उचित पोषण से टीबी को पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है।

संजीवनी क्लीनिक ऑन व्हील्स कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के साथ-साथ लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। यह पहल न केवल मरीजों को उपचार प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के लिए आवश्यक सहयोग भी सुनिश्चित कर रही है। कार्यक्रम में मेडिकल ऑफिसर डॉ. सचिन अग्रवाल, रोहित विश्वकर्मा, प्रिया वंशकार, सोना पंथी, राहुल नामदेव मौजूद थे।

### ग्राम झंडवा के रहवासी ने कहा-जिम्मेदार नहीं उठा रहे फोन

# पिछले चार दिन से लाइट नहीं, ग्रामीण परेशान, पानी व समस्याओं से जूझ रहे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

ग्राम झण्डवा में पिछले 4 दिनो से लाइट न आने से ग्रामीण पीने के पानी की किल्लत सहित अनको समस्याओं से जूझ रहे हैं। ग्रामीणो का कहना है कि लाइट न आने की समस्या को लेकर जब लाइनमैन को फोन करते है तो वह फोन नही उठाते। किसान सुरेंद्र दांगी,विष्णु दांगी ने बताया कि लगातार चार दिन से बिजली नहीं आने से हम काफी परेशान हो रहे हैं लाइनमैन को फोन लगाया तो उन्होंने बताया आज हम ठीक कर रहे हैं लेकिन आज आज करते उन्हें भी चार दिन हो गए हैं और हमारी कोई सुनवाई नहीं है। लाइट के खंभे के तार टूटे चार दिन बीत चुके है लेकिन उसको जोड़ने के लिए लाइनमैन को टाइम नहीं है। ग्रामीणो का कहना है कि लाइट न होने से हमारी पानी मोटर नहीं चल रही है हम पानी को तरस रहे हैं और काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## बस स्टैंड बदहाल, जबाव में जनता ने भरे गड्ढे



**सिरोंज।** नगरपालिका की लगातार अनदेखी से परेशान होकर आखिरकार आम जन ने खुद जिम्मेदारी उठाई। सिरोंज बस स्टैंड पर कई महीनों से पड़े गड्ढे को स्थानीय लोगों ने मिलकर भर दिया। यह वही गड्ढा था, जिसकी वजह से पहले कई लोग हादसों का शिकार हो चुके थे, लेकिन जिम्मेदार विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। जनता ने दिखा दिया कि जब प्रशासन सो जाता है, तो जागरूक नागरिक आगे आकर बदलाव ला सकते हैं। यह कदम सिर्फ गड्ढा भरने का नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और जागरूकता का उदाहरण है। वही अब देखना यह है कि क्या नगरपालिका अपनी जिम्मेदारी समझेगी या हर काम जनता को ही करना पड़ेगा।

## सीसी रोड,नाला निर्माण और पुलिया सुधार सहित अन्य समस्याओं को लेकर नपा सीएमओ को सौंपा आवेदन

**सिरोंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 में सीसी रोड,नाला निर्माण व पुलिया सुधार की मांग को लेकर वरिष्ठ समाजसेवी महेन्द्र सिंह गौड़ ने नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू को एक आवेदन देते हुए कहा कि वार्ड क्रमांक 10 की सड़को की हालात काफी खराब हो चुकी है। सड़क पर जगह जगह गडडें होने से आए दिन दुघर्टनाएं हो रही है। साथ ही छोटे छोटे बच्चें खेलते समय गिरकर घायल हो रहें है। वही उन्होने कहा कि पीर बाबा से वार्ड पार्षद के मकान तक नाला निर्माण कार्य लंबित है। नवनीत राम तबेला से नाथे खां के मकान तक नाला निर्माण हेतु 2 वर्ष पूर्व 37 लाख रूपये स्वीकृत हुए थें जिसका टेंडर राजेश बघेल रिनिया वालो के पास है। उक्त निर्माण कार्य की जाच कराई जाएं। साथ ही भवानी नगर पुलिया पर दुपहिया वाहनों के निकलने में होने वाली समस्या को देखते हुए वहा टीरेपर बनवाया जाए।

# बिजली दरों में बढ़ोतरी वापस ले सरकार: विनोद



**सिरोंज।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विनोद सेन ने राज्य सरकार और बिजली कंपनियों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 1 अप्रैल से प्रदेश के करीब 1 करोड़ 29 लाख घरेलू बिजली उपभोक्ताओं पर महंगाई का एक और निर्मम प्रहार किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले से ही रसोई गैस, खाद्य सामग्री और रोजमर्रा की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से जूझ रही जनता की कमर तोड़ने के लिए अब बिजली दरों में 4.80 प्रतिशत की बेतहाशा वृद्धि थोप दी गई है। उन्होने आरोप लगाया कि यह बढ़ोतरी सरकार और बिजली कंपनियों की मिलीभगत का नतीजा है। कुप्रबंधन और दूरदर्शिता के अभाव ने बिजली व्यवस्था को पूरी तरह चरमरा दिया है, जिसका खामियाजा आम उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। हर साल बिजली दरों में बढ़ोतरी यह साबित करती है कि राज्य सरकार जनता को राहत देने के बजाय लगातार आर्थिक बोझ बढ़ाने में लगी है। उन्होंने राज्य विद्युत नियामक आयोग को भी कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि यह संस्था अब केवल नाम मात्र की रह गई है और बिजली कंपनियों के इशारों पर काम कर रही है। आयोग के फैसलों में न तो संवेदनशीलता दिखती है और न ही आम आदमी की चिंता, बल्कि बार-बार ऐसे निर्णय लिए जा रहे हैं जो सीधे तौर पर जनता के हितों के खिलाफ हैं और कंपनियों को लाभ पहुंचाने वाले हैं। विनोद सेन ने सवाल उठाया कि जब प्रदेश में सौर ऊर्जा सस्ती दरों पर उपलब्ध है और गैर-पारंपरिक ऊर्जा क्षमता 5781 मेगावाट तक पहुंच चुकी है, तो फिर बिजली महंगी करने का औचित्य क्या है। उन्होंने कहा कि सरकार जानबूझकर सस्ती ऊर्जा विकल्पों को नजरअंदाज कर रही है ताकि बिजली कंपनियों को फायदा पहुंचाया जा सके। उन्होंने सरकार से तुरंत यह बढ़ोतरी वापस लेने, बिजली व्यवस्था में पारदर्शिता लाने और आम जनता को राहत देने के ठोस कदम उठाने की मांग की, अन्यथा जनता इस अन्याय के खिलाफ सड़कों पर उतरने को मजबूर होगी।

# दो दिवसीय प्रांतीय स्त्रोत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



नगर के लिंक रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में दो दिवसीय प्रांतीय स्त्रोत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न हुई। प्रातः कार्यशाला का शुभारंभ सह संगठन मंत्री अनिल अग्रवाल द्वारा माँ सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन, वंदना कर किया गया।

इस अवसर पर मुख्य उद्बोधन प्रांतीय सह संगठन मंत्री अनिल अग्रवाल का रहा। जिसमें फाउण्डेशनल स्टेज के प्रशिक्षक आचार्यो को सामान्य आचार्य प्रशिक्षण वर्ग एवं दक्षता वर्ग में सम्मिलित होने वाले आचार्यो को प्रशिक्षण से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इन प्रशिक्षण वर्गों का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के प्रभावी क्रियान्वयन और शिक्षकों के कौशल विकास पर केंद्रित रहा है। कार्यशाला में एनईपी के अनुरूप पंचपदी अधिगम पद्धति प्राचीन एवं प्रभावी शिक्षण तकनीक के उपयोग पर जोर दिया गया। 3 से 8 वर्ष के बच्चों के लिए खेल-आधारित शिक्षण और उनके शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। शिक्षकों को आधुनिक तकनीक, योगाभ्यास और संस्कार-आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए। कार्यशाला समापन अवसर पर नगरीय शिक्षा सह प्रांत प्रमुख दीपक चंदेवा, गामीण शिक्षा सह प्रांत प्रमुख रामदयाल लहरपुरे, क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्रमुख देवकीनंदन चौरसिया, प्रांतीय प्रंशिक्षण प्रमुख राजेन्द्र परमार, ग्वालियर विभाग समंवयक मुकुट बिहारी शर्मा, कार्यशाला प्रबंधक प्रधानाचार्य देवेन्द्र सिंह कुर्मी, समिति अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, उपाध्यक्ष श्रीमती सरला भार्गव, सचिव नरेन्द्र सिंह दांगी, कोषाध्यक्ष संदीप सिंह बघेल, सह सचिव पंकज श्रीवास्तव, मदनमोहन गुजराती उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने अधिकारियों का किया कार्य-विभाजन

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संदीप जी आर द्वारा प्रशासनिक कार्यों को अधिक सुचारु एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अधिकारियों के बीच कार्य-विभाजन में आंशिक संशोधन करते हुए नवीन आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार, संयुक्त कलेक्टर गगन विसेन को नगर निगम क्षेत्र एवं नगर दण्डाधिकारी से संबंधित दायित्वों के साथ सहायक आयुक्त, नजूल अधिकारी तथा विभिन्न शाखाओं जैसे स्थापना, शिकायत, समाधान ऑनलाइन एवं न्यायिक शाखा का प्रभार सौंपा है। इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर विजय डेहरिया को राजस्व, वित्त, नजारत, लोक सेवा गारंटी, सीएम हेल्पलाइन, टीएल, मॉनिटरिंग तथा अन्य महत्वपूर्ण शाखाओं की जिम्मेदारी दी। विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं शिकायतों के निराकरण की निगरानी का दायित्व भी सौंपा है। डिप्टी कलेक्टर रजत सोनी को पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, आबकारी, स्टेनो, रीडर, जनसुनवाई, पीसीपीएनडीटी तथा खेल एवं युवा कल्याण सहित अन्य शाखाओं का प्रभार दिया गया है। जनप्रतिनिधियों से संबंधित पत्राचार एवं महत्वपूर्ण प्रकरणों के समन्वय की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

### श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

## जैन समाज व आईजा परिवार ने स्व. किरण जैन को अर्पित की श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के वरिष्ठ समाजसेवी देवेंद्र जैन पेट्रोल पंप वालों की धर्मपत्नी श्रीमति किरण जैन का आकस्मिक देहानवास हो गया। वही प्रातः काल 10:30 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रखा गया। इस मौके पर जैन समाजजनो व आईजा परिवार ने स्व श्रीमति किरण जैन को शोक श्रद्धांजलि अर्पित की और अपने अपने व्यक्तत्व रखें। इस मौके पर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने कहा कि स्व श्रीमति किरण जैन का जीवन सहज सरल और सकारात्मक रहा है वह हमेशा हंसमुख एवं मिलनसार व्यक्तित्व की धनी थी सहज सरल प्रेम की प्रतिमूर्ति हमेशा मुस्कुराते हुए समाज में हमेशा मिलनसार व्यवहार एवं अग्रणी महिला थी हर कार्य में आगे बढ़कर काम करती थी उनका जाना समाज के लिए बहुत बड़ी क्षती है हमेशा परिवार के लिए समर्पित रही है।

# मंडल स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह



हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर मंडल में भाजपा द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का समापन हुआ। वक्ताओं ने पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक संरचना एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

जिला महामंत्री बलवीर सिंह रघुवंशी ने पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन के इतिहास से अवगत कराया। अरविंद श्रीवास्तव ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, एकात्मवाद, समरसता एवं समता जैसे विषयों पर जानकारी दी। जितेंद्र मीणा ने भी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।डॉ. राहुल जैन ने आधुनिक दौर में सोशल मीडिया और एआई टेक्नोलॉजी की भूमिका पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग के बारे में बताया। साथ ही 'नमो ऐप' एवं संगठन ऐप के उपयोग की भी विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे योजनाओं को आमजन तक तेजी से पहुंचाया जा सके। समापन सत्र में विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के हर वर्ग तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अपने-अपने क्षेत्र में कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा नेता तोरण सिंह दांगी ने भी संबोधित दिया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर सहित मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# साउथ अफ्रीका इंटरनेशनल बधिर क्रिकेट सीरीज़ के लिए अमन चौकसे का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद



साउथ अफ्रीका में होने वाली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सीरीज़ के लिए अमन चौकसे का चयन हुआ है, जहां वे भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

अमन चौकसे ने वधिर क्रिकेट में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने देशभर में आयोजित कई टूर्नामेंट्स में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मैन ऑफ द मैच और बेस्ट बॉलर जैसे पुरस्कार हासिल किए हैं। वे मध्यप्रदेश क्रिकेट टीम के कप्तान भी रह चुके हैं। अब साउथ अफ्रीका में 26 अप्रैल से 2 मई तक होने वाली सीरीज़ में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। वे मध्यप्रदेश के पहले क्रिकेट खिलाड़ी हैं जिनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। अमन की खास बात यह है कि वे बचपन से ही न सुन सकते हैं और न बोल सकते हैं। इशारों की भाषा में दुनिया को समझते हुए उन्होंने खेल के मैदान में अपनी अलग पहचान बनाई है। क्रिकेट के साथ-साथ अमन ने जूडो और कराटे में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 20 से अधिक मेडल और ट्रॉफियां जीतकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित की है। उनकी इस उपलब्धि पर उनके पिता प्रेम नारायण चौकसे, माता कविता चौकसे, परिवार, मित्रों और पूरे शमशाबाद क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है। अमन चौकसे की यह सफलता न सिर्फ शमशाबाद बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा है यह साबित करती है कि सच्ची मेहनत और हौसले से हर सपना पूरा किया जा सकता है।

# चना-मसूर खरीदी केंद्र का शुभारंभ, विधायक ने तोल कांटे को तिलक लगाकर किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई



मंगलवार को सेवा सहकारी समिति कुरवाई में चना एवं मसूर खरीदी केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। विधायक हरि सिंह सप्रे ने तौल कांटे को तिलक लगाकर, शुभारंभ किया।विधायक ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों की उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे खरीदी केंद्र किसानों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होंगे। कार्यक्रम में एसडीओ वीरेंद्र मालवीय, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ठाकुर लक्ष्मण सिंह रघुवंशी, जनपद सदस्य हनीफ खान, विनय लोधी समिति प्रबंधक कृषि विभाग के अधिकारी सहित क्षेत्र के अनेक किसान भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## गैस किल्लत पर कांग्रेस का हल्लाबोल

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला ग्रामीण अध्यक्ष भूपेंद्र मौहसा के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मंगलवार को बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता फटका तिगड्डा पर एकत्रित हुए और थाली बजाते हुए

# कलेक्टर गुप्ता की पहल से खुले नए कियोस्क, घर-घर तक पहुंचेगी सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला प्रशासन एवं बैंकिंग संस्थाओं के समन्वित प्रयासों से अब उन क्षेत्रों में भी बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जहां अब तक बैंक शाखाओं का अभाव था।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय समन्वय समिति (डीएलसीसी) की बैठक में कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों के सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर दिखाई देने लगे हैं। इन निर्देशों के तहत जिले के अनबैंक्ड क्षेत्रों में बैंकिंग कियोस्क एवं बी.सी. (बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट) सेंटर स्थापित करने की कार्यवाही तेजी से की जा रही है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण नागरिकों को उनके निवास के समीप ही बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें पेंशन प्राप्ति, शासकीय योजनाओं की राशि निकासी एवं अन्य वित्तीय लेन-देन के लिए शहरों की ओर न जाना पड़े। इससे समय और संसाधनों की बचत के साथ-साथ ग्रामीणों को सुविधाजनक और सुलभ सेवाएं मिल सकेंगी।

इसी क्रम में एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा सलैया, पचमा, उदयपुर, बरेठ, पिपरिया जादौन, भालबामोरा, गमाखार एवं सुआखेड़ी सहित 8 महत्वपूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों में बी.सी. एवं कियोस्क सेंटर खोलने हेतु आवश्यक अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है। यह कदम वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करने की दिशा में अहम साबित होगा।

भारतीय स्टेट बैंक ने भी सक्रियता दिखाते हुए रोजरू, भालबामोरा, अहमदपुर, गंज एवं मेहलुआ जैसे 5 प्रमुख गांवों में बैंकिंग सेवाएं प्रारंभ करने की कार्यवाही पूर्ण कर ली है।

कलेक्टर ने बैंकों की इस त्वरित पहल की सराहना करते हुए अन्य बैंकिंग संस्थाओं को भी अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में शीघ्र सेवाएं प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। जिला अग्रणी प्रबंधक बीएस बघेल ने बताया कि इन नए केंद्रों के माध्यम से न केवल बैंकिंग सेवाओं का दायरा बढ़ेगा, बल्कि डिजिटल बैंकिंग को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे ग्रामीणों का जीवन और अधिक सुगम एवं सशक्त बनेगा। यह पहल निश्चित रूप से जिले में वित्तीय समावेशन को नई दिशा देगी।

# जल गंगा संवर्धन अभियान: गोपी तलाई पहुंचे विधायक उमाकांत शर्मा ने जन चौपाल लगाकर सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा/लटेरी

मंगलवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर स्तरीय कार्यक्रम वार्ड क्रमांक-14 संगड़ एवं सिंध नदी के उद्गम स्थल स्थित गोपी तलाई के पास संपन्न हुआ। कार्यक्रम से पूर्व विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा गोपी तलाई का औचक निरीक्षण किया गया।

अनेक लोगों ने विधायक श्री शर्मा को अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपे। विधायक ने इन आवेदनों के शीघ्र निराकरण हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। जन चौपाल के दौरान प्राप्त आवेदनों का वाचन रामगुलाम जी द्वारा किया गया, वहीं कार्यक्रम का आभार वार्ड क्रमांक-14 के पार्षद पति नितिन धाकड़ ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर विधायक श्री शर्मा ने गोपी तलाई के विकास हेतु 8 लाख रुपये घाट निर्माण तथा 2 लाख रुपये तालाब के गहरीकरण के लिए प्रदान करने की घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में विकास कार्य तेज गति से हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि गोपी तलाई के विकास के लिए पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा भी विशेष प्रयास किए गए थे और वर्तमान में भी इसके संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 5 दिनों के भीतर गोपी तलाई की निष्पक्ष नपती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा सिरोंज को जिला बनाने एवं रेलवे लाइन से जोड़ने के लिए सभी प्रकार के प्रयास किये जा रहे है साथ ही संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत विकासखंड अधिकारियों से चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं से वंचित न रहे।

**8 लाख से घाट निर्माण, 2 लाख से होगा गहरीकरण**



# केसीसी की देय तिथि और खरीदी केंद्र बढ़ाने सहकार भारती ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा




सहकार भारती मप्र की जिला इकाई विदिशा ने किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में खरीफ फसल पर लिए गए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण की देय तिथि 31 मार्च से बढ़ाकर 30 अप्रैल करने तथा गेहूं उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ाने की मांग की गई है।

जिला महामंत्री नारायण सिंह रघुवंशी बासौदा ने बताया कि वर्तमान में केसीसी ऋण की देय तिथि 31 मार्च निर्धारित है, जबकि किसान खरीफ फसल से हुई आय अपनी आजीविका में खर्च कर देते हैं और रवि फसल की आय से ऋण चुकाते हैं। इस वर्ष गेहूं की सरकारी खरीद 31 मार्च के बाद प्रारंभ हो रही है, जिससे किसान समय पर ऋण अदायगी नहीं कर पा रहे हैं और शासन की शून्य ब्याज दर योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि इस बार गेहूं खरीदी केंद्रों की संख्या कम होने से किसानों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सहकार भारती ने मांग की है कि उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए तथा विपणन सहकारी समितियों को उनके मूल कार्य के अनुरूप प्राथमिकता दी जाए। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन ताम्रकार, प्रदेश प्रचार प्रमुख राहुल गुप्ता, प्रदेश स्वयं सहायता समूह प्रमुख सुमन शांडिल्य सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।




# हादसों का गढ़ बनी बालमपुर घाटी, बीते एक साल में घटी 100 से भी अधिक घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर स्थित बालमपुर घाटी में सोमवार देर रात को एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। सामने से आ रहे वाहन को बचाने के प्रयास में एक ट्राला अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई में उतर गया। गनीमत रही कि घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्राला घाटी के मोड़ पर पहुंचा ही था कि सामने से अचानक एक वाहन आ गया। टक्कर से बचने के लिए चालक ने ट्राले को साइड में उतारने की कोशिश की, लेकिन वाहन संतुलन खो बैठा और नीचे खाई में चला गया। बताया जा रहा है कि ट्राला गुजरात से सागर की ओर जा रहा था।

भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 की बालमपुर घाटी पर अधिक चढ़ाई होने की वजह से यहां आए दिन हादसे होते रहते हैं।

## हादसे रोकने सड़क चौड़ीकरण व नई रैलिंग लगाई

बालमपुर घाटी पर सप्ताह में एक दो हादसे हो रहे हैं जिसमें कई वाहन चालक अपनी जान गवां चुके हैं, तो कई लोग घायल भी हो चुके हैं। फिर भी जिम्मेदार दुर्घटनाएं रोकने कोई सुरक्षित उपाय नहीं कर रहे हैं। कुछ माह पहले एमपीआरडीसी ने टूटी रेलिंग की जगह सीमेंट की बोरियां भरकर उसमें रेडियम लगवा दिए थे, ताकि हादसे रोके जा सकें। लेकिन यह बोरियां भी 1 महीने के अंदर ही क्षतिग्रस्त होकर नीचे गिर गई थी। हालांकि एमपीआरडीसी ने घाटी पर सड़क भी चौड़ी करने के साथ ही नई रैलिंग भी लगा दी है। फिर भी हादसे रुकने का नाम ही नहीं ले रहे हैं।

## आए दिन हो रही घाटी पर दुर्घटनाएं

बालमपुर घाटी पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। कुछ समय पूर्व ट्राला जीजे 12 जेड 1725 लोहे की टीन रोल लेकर जा रहा था। घाटी पर चढ़ते समय ब्रेक फेल होने से ट्राला रिवर्स होकर खाई में उतर गया। वहीं चावल लेकर इंदौर जा रहे मिनी ट्रक एचआर 38 आर 7261 ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर पलट गया था। वहीं एक हार्वेस्टर भी घाटी चढ़ते समय पलट गया था।

### जिले में 10 अप्रैल से 152 खरीदी केंद्रों पर खरीदी होगी शुरू

# समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी को लेकर अधिकारियों ने केंद्रों पर जांचीं व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। आगामी 10 अप्रैल से जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू होने जा रही है। इस बार जिले में किसानों की सुविधा के लिए 152 खरीदी केंद्र बनाए हैं, जहां शासन प्रशासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदा जाएगा। गेहूं खरीदी को लेकर विभाग ने अपनी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। और समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी केंद्रों पर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

फूड अधिकारी राजू कातुलकर ने बताया कि इस वर्ष शासन ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2625 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहे। इसके लिए किसानों को भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाइन जमा किया जाएगा। इससे किसानों को भुगतान के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और पूरी प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी हो सकेगी।

जिले में खरीदी कार्य के संचालन के लिए कृषक सेवा सहकारी समितियों, उनके सेक्टरों तथा महिला स्व-सहायता समूहों को भी जिम्मेदारी दी गई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि खरीदी केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए बारदाना, तौल कांटे, हम्माल, परिवहन, पेयजल, छाया और बैठक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



## किसानों को 25 किमी से दूर नहीं जाना होगा उपज बेंचने

किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खरीदी केंद्रों का चयन इस तरह किया गया है कि किसी भी किसान को अपना गेहूं बेचने के लिए 25 किलोमीटर से अधिक दूरी तय न करनी पड़े। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गोदाम स्तरीय खरीदी केंद्र उन्हीं स्थानों पर प्राथमिकता से बनाए जाएंगे, जहां पर्याप्त भंडारण क्षमता उपलब्ध हो। वहीं गोदाम एवं समिति स्तरीय खरीदी केंद्र ऐसे स्थानों पर स्थापित किए जाएंगे, जहां 3 हजार से 5 हजार मीट्रिक टन तक भंडारण की व्यवस्था मौजूद हो। जिला प्रशासन और नागरिक आपूर्ति विभाग, जिला खाद्य विभाग ने बताया कि इस साल 77 हजार 121 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने पंजीयन कराया है।

## केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश

कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के मुताबिक, प्रशासन ने खरीदी केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के लिए संबंधित अधिकारियों और केंद्र प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। खरीदी केंद्रों पर गेहूं की गुणवत्ता एफएक्यू की जांच, तौल और रिकॉर्ड संधारण की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही यह भी कहा कि किसानों को लंबी कतारों, तौल में देरी या भुगतान संबंधी परेशानी का सामना न करना पड़े।

## किसानों से पंजीयन और दस्तावेज पूरे रखने की अपील

विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे खरीदी केंद्र पर गेहूं लाने से पहले अपना पंजीयन, बैंक खाता, आधार कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज पूर्ण रूप से तैयार रखें। जिन किसानों ने समर्थन मूल्य खरीदी के लिए पंजीयन कराया है, उन्हीं से नियमानुसार गेहूं खरीदा जाएगा। साथ ही किसानों को तय तिथि और स्लॉट बुकिंग के अनुसार ही खरीदी केंद्र पर पहुंचने की सलाह दी गई है।

## नए नियमः खराब स्टॉक वाले गोदाम नहीं बनेंगे खरीदी केंद्र

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी को लेकर इस बार जिला प्रशासन ने पहले से ज्यादा सख्त और व्यवस्थित तैयारी की है। जिला प्रशासन ने खरीदी केंद्र तय करने के लिए नए नियम लागू किए हैं। इस बार ऐसे गोदामों को खरीदी केंद्र नहीं बनाया जाएगा। जहां पूर्व वर्षों में नॉन-एफएक्यू (औसत गुणवत्ता से कम या रिजेक्टेड) गेहूं का स्टॉक रखा हो। जिला प्रशासन का मानना है कि खराब या विवादित स्टॉक वाले स्थानों पर खरीदी केंद्र बनाने से नई फसल की गुणवत्ता और भंडारण प्रभावित होता है। इसलिए प्राथमिकता उन गोदामों को दी जाएगी, जहां साफ-सुथरी और सुरक्षित भंडारण व्यवस्था उपलब्ध हो।

### माना फिल्टर प्लांट उन्नयन और 18 सांस्कृतिक भवनों पर मुहर

# नपा के बजट विशेष सम्मेलन में 85.65 करोड़ की आय-व्यय योजना को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन




मंगलवार को नगर पालिका रायसेन के बजट को लेकर विशेष सम्मेलन बैठक नपाध्यक्ष सविता जमना सेन, उपाध्यक्ष मीना दीपेंद्र सिंह कुशवाह सहित नपा अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित की गई।

बजट बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नगर विकास से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। बैठक में शहर के बुनियादी ढांचे, जलापूर्ति, सौंदर्यीकरण और सामुदायिक सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष फोकस रहा।

बैठक में परिषद के समक्ष वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया गया। इसमें प्रस्तावित आय 85 करोड़ 65 लाख 32 हजार 600 रुपए और प्रस्तावित व्यय 85 करोड़ 59 लाख 82 हजार 500 रुपए रखा गया। इस बजट में 5 लाख 50 हजार 100 रुपए की अनुमानित बचत का भी प्रावधान किया गया। जिसे नगर पालिका परिषद ने स्वीकृति दे दी।

## नगर के 18 वार्डों में बनेंगे सामुदायिक भवन

बैठक में शहर के 18 वार्डों में सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रत्येक वार्ड में 20 लाख की लागत से सांस्कृतिक भवन निर्माण का विशेष प्रस्ताव भी पारित किया गया। इसके अलावा कुम्हरिया तालाब चौपड़ा के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य, श्रीरामलीला मैदान के विकास तथा मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना और पंचम द्वारका नगरी योजना के अंतर्गत बड़े निर्माण कार्यों को भी मंजूरी दी गई।

## माना फिल्टर प्लांट का होगा उन्नयन

नपाध्यक्ष श्रीमति सेन ने बताया कि गर्मियों को देखते हुए शहर वासियों को नियमित और निर्बाध पेयजल आपूर्ति के लिए माना फिल्टर प्लांट के उन्नयन कार्य को मंजूरी दी गई। यह कार्य 7.16 करोड़ रुपए की लागत से कराया जाएगा। परिषद ने माना कि बढ़ती आबादी में जल संकट से निपटने यह परियोजना फायदेमंद साबित होगी।

# जल निगम की ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा ग्रामीण अंचलों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु 'नर्मदा रिवर बेगमगंज ईएक्स2' समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। जल जीवन मिशन के उद्देश्यों को धरातल पर उतारने के लिए आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य जिम्मा सहायक संस्था हेल्प रेंज ने बखूबी निभाया।

कार्यशाला में जनपद सीईओ पूजा जैन ने योजना के प्रशासनिक पहलुओं और ग्रामीण विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला का केंद्र बिंदु क्लस्टर स्तर पर योजना का बेहतर क्रियान्वयन, रखरखाव और सामुदायिक जागरूकता रहा। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जल समिति के अध्यक्षों, सचिवों और सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया कि कैसे वे अपने गांव में जल प्रदाय व्यवस्था को आत्मनिर्भर और प्रभावी बना सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### आकाशीय बिजली से जली खेत में खड़ी फसल

**दीवानगंज।** क्षेत्र के ग्राम अंबाड़ी और कयामपुर में आग लगने की दो अलग-अलग घटनाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। ग्राम अंबाडी में मंगलवार देर शाम आकाशीय बिजली गिरने से किसान खुमान सिंह के 2-3 एकड़ खेत में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। हालांकि ग्रामीणों की सूझबूझ से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आग आगे नहीं फैल पाई। वहीं ग्राम कयामपुर में भी मंगलवार को शॉर्ट सर्किट के कारण नरवाई में आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पास में खड़ी गेहूं की फसल की ओर बढ़ने लगी। ग्रामीणों की तत्परता से फसल बच गई।

### भक्तिगीत, नृत्य नाटिका की प्रस्तुतियों ने मनमोहा

**बरेली।** तहसील के ग्राम अहमदपुर में संस्कृति विभाग द्वारा धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में श्रीरामनवमी प्राकट्य पर्व का धूमधाम से आयोजन हुआ। भक्ति गीतों का श्रोताओं द्वारा भरपूर आनंद लिया। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में ग्राम अहमदपुर में रात्रि में हुए कार्यक्रम में नृत्य नाटिका शबरी का मंचन रंग त्रिवेणी साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति भोपाल द्वारा, लोक गायन बुन्देली दीपिका पुरोहित एवं साथी भोपाल, गुंजन गुनगुन तिवारी बहनों शाहगंज के कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों पर श्रोता भक्ति रस में डूब कर भावविभोर और प्रभावित होते रहे। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रभा बृज गोपाल पटेल, अहमदपुर सरपंच मनोरमा घनश्याम रघुवंशी और शिवानी फाउडेशन के अध्यक्ष अभिज्ञान पटेल ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

# मेढ़की उचित मूल्य दुकान से अनाज न मिलने पर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सांची मार्ग स्थित ग्राम मेढ़की में शासकीय उचित मूल्य दुकान से फरवरी माह से गेहूं वितरण न होने पर मंगलवार को हितग्राहियों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे-146 पर चक्काजाम कर दिया। जिससे मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

जानकारी के अनुसार ग्राम मेढ़की में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान से पंचायत के 5 गांवों के लोगों को राशन वितरित किया जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि फरवरी से अब तक उन्हें गेहूं नहीं मिला और राशन दुकान संचालकों द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। लगातार हो रही परेशानी के बाद ग्रामीणों का आक्रोश सड़क पर उतर आया।



चक्काजाम की सूचना मिलते ही सांची थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी एवं सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी पुलिस बल के साथ पहुंचे। उन्होंने समझाइश देकर चक्काजाम समाप्त करवाया, लेकिन ग्रामीणों की नाराजगी को देखते हुए प्रशासन को सूचना दी गई।

एसडीएम मनीष शर्मा और सांची नायब तहसीलदार ललित सक्सेना ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। एसडीएम ने दुकान की जांच के आदेश भी जारी कर दिए हैं।

# छोटी नाव में 17 लोगों के साथ रखी थी 5 बाइक, संतुलन बिगड़ने से हुआ था हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

जिले के अंतिम छोर पर देवरी तहसील के ग्राम रमपुरा घाट पर बीते सोमवार को बड़ा हादसा हो गया था। एक छोटी सी नाव में सवार लोग जिनमें बच्चे, महिलाएं और 5 मोटर साईकिल भी रखी हुई थी। नर्मदा के बीच में तेज बहाव से नाव का संतुलन बिगड़ने से नाव पलट गई। गनीमत रही कि आसपास के लोगों ने दूसरी नाव की मदद से सभी नाव सवारों को बचा लिया गया।

नाव में 17 लोग सवार थे, जिनमें 4 बच्चे, 4 महिलाएं, 7 पुरुष सवार थे और साथ ही 5 बाइक भी रखी हुई थी। नदी पार करते समय नाव में बैठी महिलाएं एक ओर हो गई, जिससे नाव का संतुलन बिगड़ जाने से पलट गई। जैसे ही नाव पलटी रम्पुरा के 4 युवकों ने डूब रहे लोगों को बचाया। पुलिस नाव पलटने की घटना की जांच कर रही है। पूर्व के वर्षों में नर्मदा में नाव पलटने की अनेक जानलेवा घटनाएं हो चुकी है। वर्षो बाद हुई नाव पलटने की घटना ने नर्मदा में हो रहे असुरक्षित नाव संचालन पर सवाल खड़े कर दिए है। देवरी, उदयपुरा तहसील के नर्मदा किनारों पर बसे गांवों के लोग नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा या अन्य स्थानों पर जाने-आने के लिए पुल न होने के कारण नावों में लोगों को बैठाने के साथ सामान और बाइक भी रख कर नर्मदा पार करने की परंपरा बनी हुई है।

## नर्मदा नदी पार करने आज भी होता है नाव से परिवहन



### नगर में स्थान-स्थान पर हुई पूजन

# चांदी की पालकी में सवार होकर निकली चंद्रप्रभु की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली।

महावीर जयंती पर सकल जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी चंद्रप्रभु जी को चांदी की पालकी में बैठा कर धूमधाम के साथ नगर के प्रमुख मार्गों पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में पुरुष सफेद वस्त्र और महिलाएं लाल साड़ियां पहन कर सम्मिलित हुईं। श्री दिगंबर जैन मंदिर जैन सत्संग भवन से निकली शोभायात्रा ने नगर भ्रमण किया और जैन मंदिर प्रांगण में समापन हुआ।

महावीर जंयती पर श्री दिगंबर जैन मंदिर में प्रातः से धार्मिक आयोजन हुए। जिनमें जैन समाज के नर-नारियों, युवाओं की उपस्थिति रही। प्रातः प्रभात फेरी भी निकाली गई। अहिंसा परमो धर्मः जीओ और जीने दो का संदेश दिया गया।



जैन मंदिर से भगवान चन्द्रप्रभु जी को पालकी में विराजित कर उत्साह के साथ निकाली शोभायात्रा में डीजे की धुनों पर नृत्य के साथ सम्पूर्ण मार्ग पर जैन समाज से सम्बंधित गीत भी बजते रहे। जैन परिवारों के निवास, प्रतिष्ठानों के सामने से निकली शोभायात्रा के दौरान चांदी की पालकी में सवार भगवान चन्द्रप्रभु स्वामी का स्थान-स्थान पर पूजन स्वागत का सिलसिला बना रहा।

### स्वास्थ्य शिविर, जागरण और विसर्जन में सगा समाज की बड़ी भागीदारी

# जवारा पाबुन में गोंडी संस्कृति व परंपराओं का प्रदर्शन

**9 दिनों चले आयोजन में तोड़ी मटयाना, चंदेवा गोगो पाटा जैसे पारंपरिक अनुष्ठान किए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

लालघाटी स्थित फड़ापेन ठाना और जिमिदरीन ठाना में नौ दिवसीय जवारा पाबुन उत्साह पूर्वक मनाया गया। गोंडी कोयापुनेम, गोंडी दर्शन और संस्कृति में इस पाबुन का विशेष महत्व है। सिलवानी में पहली बार इस परंपरा को इतने संगठित और पारंपरिक तरीके से स्थापित कर मनाया गया, जिससे कोइतूर सगा समाज में खासा उत्साह देखने को मिला।

पाबुन के दौरान प्रतिदिन जिमिदरीन (खैरो दाई) की सेवा, अर्जी की गई तथा समुदाय के लोगों ने गोंडी पाटा और रेला पाटा प्रस्तुत कर अपनी सांस्कृतिक पहचान को जीवंत बनाए रखा। इस आयोजन का उद्देश्य गोंड समाज को अपनी मूल भाषा, संस्कृति, रीति-रिवाज, तीज-त्योहार और परंपराओं से जोड़ना रहा।



जवारा पाबुन का संबंध प्रकृति और जीवन के मूल सिद्धांतों से है। गोंडी परंपरा के अनुसार, मानव जीवन के लिए आवश्यक भोजन व्यवस्था (जावा-आड़ा) और कृषि उत्पादन से जुड़े पहलुओं को समझने के लिए इस पाबुन का आयोजन किया जाता है। जवारों के माध्यम से पेन शक्तियों की आराधना कर फसल, स्वास्थ्य और प्राकृतिक संतुलन से जुड़े संकेतों को जानने और समझने का प्रयास किया जाता है।

नौ दिनों चले इस आयोजन में तोड़ी मटयाना, चंदेवा गोगो पाटा जैसे पारंपरिक अनुष्ठान किए गए। प्रतिदिन मातृशक्ति और पितृशक्ति द्वारा खैरो दाई के गीत गाए गए। शनिवार रात्रि जागरण में सेवा जोहार कोया संगीत ग्रुप की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

पाबुन के अंतिम दिन निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया, जिसमें लगभग 50 से अधिक लोगों ने नेत्र, बीपी और शुगर की जांच कराई। शिविर का नेतृत्व नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अंजना सिंह मर्सकोले ने किया। इसके बाद जवारा विसर्जन कार्यक्रम में सगा समाज की भारी भागीदारी रही। नगझिरी और चौका जुनियां की सौबत ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, युवा और बड़ी संख्या में मातृशक्ति पितृशक्ति उपस्थित रही। आयोजन की सफलता में समाज के अनेक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके सहयोग से यह सांस्कृतिक उत्सव भव्य रूप में संपन्न हुआ।